राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–194/2024

भारतीय संस्कृति की आत्मा अध्यात्म में है–राज्यपाल

पटना, 20 सितम्बर, 2024 :– ''भारतीय संस्कृति की आत्मा अध्यात्म में है और पूरी दुनिया हमें इसी कारण से जानती है। महर्षि अरविन्द ने भी अध्यात्म को अपनाया और भारतीय ज्ञान परम्परा को आगे बढ़ाया। वह औपनिवेशिक शिक्षा पद्धति से भिन्न एक नई शिक्षा पद्धति चाहते थे जो युवा पीढ़ी को सर्वदृष्टि से सक्षम एवं राष्ट्र के प्रति समर्पित बना सके। राज्यपाल ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 इसमें उपयोगी है।'' – यह बातें माननीय राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने श्री अरविन्द महिला महाविद्यालय, पटना के परिसर में महर्षि श्री अरविन्द घोष की आवक्ष प्रतिमा के अनावरण समारोह को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि श्री अरविन्द की पढ़ाई विदेश में हुई और उनके माता–पिता उन्हें आई०सी०एस० ऑफिसर बनाना चाहते थे, परन्तु भारत आने पर वे राजनीति से जुड़कर स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय हो गए। बाद में देश की स्वतंत्रता के प्रति आश्वस्त होने पर वे आध्यात्मिक साधना की ओर उन्मुख हुए। उनके विचार हमारे लिए आज भी प्रेरक हैं। ऐसे महापुरूष इस धरा पर बार–बार नहीं आते हैं। यदि हम उनके विचारों का शतांश भाग भी अपनाते हैं तो हमारा जीवन धन्य हो जायेगा।

राज्यपाल ने महाविद्यालय की छात्राओं को कक्षा में जाने के पूर्व श्री अरविन्द का स्मरण करने को कहा। उन्होंने कहा कि शिक्षकगण छात्राओं को श्री अरविन्द के विचार को अपनाने के लिए प्रेरित करें। इन विचारों को देश एवं समाज के सामने लाने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए समाज के सभी वर्ग के लोगों की सहभागिता आवश्यक है। आनेवाला समय हमारा है। शिक्षकों का विशेष दायित्व है कि वे छात्राओं को उच्च विचारों को आत्मसात करने एवं जीवन को सार्थक दिशा देने हेतु उचित मार्गदर्शन करें।

राज्यपाल ने महाविद्यालय के न्यूजलेटर के नवीनतम अंक का विमोचन किया। कार्यक्रम के पूर्व उन्होंने महाविद्यालय परिसर में महर्षि श्री अरविन्द घोष की आवक्ष प्रतिमा का अनावरण किया।

आगे पृष्ठ....2 पर

कार्यक्रम को माननीय राज्य सूचना आयुक्त श्री ब्रजेश मेहरोत्रा एवं पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना के कुलपति प्रो० आर०के० सिंह ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर लेडी गवर्नर श्रीमती अनघा आर्लेकर, श्री अरविन्द महिला महाविद्यालय, पटना की प्रभारी प्राचार्या प्रो० साधना ठाकुर, महाविद्यालय के हिन्दी विभाग के अध्यक्ष प्रो० शिवनारायण सिंह, शिक्षकगण व छात्राएँ तथा अन्य लोग उपस्थित थे।

....